दूदू कलेक्टर रिश्वत मामले की जांच कर रहे ए.एस.पी. को ए.पी.ओ. किया

जयपुर। दूदू कलेक्टर के 25 लाख की रिश्वत मांगने की जांच कर रहे एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह को हटा दिया गया है। राज्य सरकार ने सोमवार को उन्हें एपीओ करने के आदेश जारी कर दिए।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि इस केस में जल्द नया आईओ लगा दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार एसीबी ने एफआईआर में मेंशन किया है कि कलेक्टर को ट्रैप करने की सूचना लीक हुई है।

- **मामले में एसीबी कार्रवाई की सूचना लीक होने से कलेक्टर को ट्रेप नहीं किया जा सका**
- **वहीं यह भी बताया जा रहा है कि एकल पट्टा मामले में एएसपी सुरेन्द्र सिंह कोर्ट ओ.आई.सी. थे।**

गौरतलब है कि एसीबी ने दूदू जिला कलेक्टर और पटवारी पर रिश्वत मांगने को लेकर केस दर्ज किया था। परिवादी ने इस संबंध में एसीबी में शिकायत की थी कि दूदू कलेक्टर व पटवारी भूमि कन्वर्जन के नाम पर 25 लाख की डिमांड कर रहे हैं। इस केस में एसीबी ने शुक्रवार देर रात छापा मारा। एसीबी का दावा है कि सत्यापन के दौरान सौदा 15 लाख में तय हुआ था। कलेक्टर ने साढ़े सात लाख रुपए डाक बंगले पर मंगवाए थे, लेकिन रुपयों का इंतजाम नहीं होने पर परिवादी ने समय मांगा।

इस पर कलेक्टर ने सहमति दे दी। इसके बाद एसीबी ने पीसी एक्ट के तहत केस दर्ज कर डाक बंगले, तहसील कार्यालय पर छापा मारा और सर्च में संबंधित दस्तावेज जब्त किए।

एसीबी की एफआईआर में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि सूचना लीक नहीं हुई होती तो कलेक्टर रंगे हाथ पकड़े जाता। एसीबी के अधिकारियों ने इस पैसे का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। इस पर कोई भी अधिकारी जवाब देने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में सरकार की ओर से इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए एडिशनल एसपी को एपीओ किया गया।

वहीं यह भी बताया जा रहा है कि एकल पट्टा मामले में पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को क्लीन चिट मिलने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। इस प्रकरण में एएसपी सुरेन्द्र सिंह कोर्ट ओ.आई.सी. थे।

सर्वर डाउन होने के कारण सोमवार को सवाईमानसिंह अस्पताल के धनवंतरि ओ.पी.डी. में लंबी-लंबी कतारें लग गई। इस कारण मरीजों को घंटों इंतजार के बाद पर्ची मिली।

गौरव सिंह, विनोद और गिर्राज शर्मा फिर तीन दिन के रिमांड पर

जयपुर। अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओजी जारी करने के मामले में गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह विनोद सिंह और गिर्राज शर्मा को सोमवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर फिर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

जवाहर सर्किल थाना अधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि मामले में प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉ-ऑडिनेटर विनोद सिंह और गिर्राज शर्मा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें पूछताछ के लिए फिर 3 मई तक तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

उधर, इस मामले में रोजाना नए खुलासा से हो रहे है। सूत्रों के अनुसार जांच में सामने आया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह ने स्टेट लेवल कमेटी ही नहीं आईएएस के फर्जी

- **अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओजी जारी करने का मामला**
- **सूत्रों के अनुसार, गौरव सिंह ने स्टेट लेवल कमेटी ही नहीं आईएएस के फर्जी साइन से भी एनओसी जारी की थी।**
- **सोटो की अधिकांश गतिविधियां एसएमएस अस्पताल के बजाए आरयूएचएस में संचालित हो रही थी।**

साइन से भी एनओसी जारी की थी। जब यह एनओसी दूसरे राज्य में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए पहुंची तो एनओसी का फॉर्मेट देखकर वहां चिकित्सक भी चौंक गए। उन चिकित्सकों ने इस बारे एसएमएस प्रशासन को पत्र लिखकर जानकारी दी थी।

वहीं सोटो की अधिकांश गतिविधियां एसएमएस अस्पताल के बजाए आरयूएचएस में संचालित हो रही थी। सूत्रों के अनुसार पिछले साल तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने आपत्ति जताते हुए मामले को लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया कि एसएमएस में मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है, ऐसे में इसे आरयूएचएस में शिफ्ट कराने का प्लान बनाया जा रहा है। इससे स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन का काम प्रभावित होगा। इसके बाद इस योजना पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने रोक लगा दी।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कराया योगाभ्यास

जयपुर। आयुर्वेद हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर लाखना की ओर से रविवार को सांगानेर स्थित दादिया ग्राम पंचायत कार्यालय भवन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक किशनलाल बागड़ा एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर चंद्रशेखर जैन की ओर से दादीया सेक्टर की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को योगासन, प्राणायाम के साथ साथ स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। योग शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं को कराए जाने वाले योग और आसन की जानकारी दी गई। उपस्थित आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को डॉक्टर चंद्रशेखर जैन ने संबोधित किया।

अमित शाह का वीडियो एडिट कर वायरल करने के मामले में एफ.आई.आर. दर्ज कराई

जयपुर। भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो में एडिटिंग कर उसे वायरल करने के मामले में जयपुर साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस दौरान भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और सोशल मीडिया विभाग के सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने रिपोर्ट दी।

भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म

- **भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की ओर से जयपुर साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है**

एक्स और फेसबुक पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक वीडिया वायरल किया जा रहा है। यूजर द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को एडिटिंग कर एक जाति समुदाय को उकसाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे लोकसभा चुनावों के दौरान सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ने की संभावनाओं को देखते हुए भाजपा की ओर से यूजर के खिलाफ साइबर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है।

भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने बताया कि यूजर द्वारा वीडियो में एडिटिंग कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को आरक्षण समाप्त करने वाला बताते हुए इसे वायरल कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ राजनेताओं ने आरक्षण को लेकर संविधान में किसी भी तरह का बदलाव नहीं करने का आश्वासन दिया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण और बाबा साहब का अपमान कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस पार्टी ओबीसी के साथ एसटी-एससी के आरक्षण में से एक समुदाय विशेष के लोगों को आरक्षण देना चाहती है। ऐसे में चुनावों के दौरान आमजन को कांग्रेस पार्टी आरक्षण को लेकर गुमराह कर रही है।

प्रोत्साहन प्रावधानों के बाद नए सिरे से आरंभ होगी तीन ईएल की नीलामी प्रक्रिया

जयपुर, (का.सं.)। स्ट्रेटेजिक और क्रिटिकल मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने के लिए निजी क्षेत्र की भी सक्रिय भागीदारी बढ़ाई जाएगी। भारत सरकार के माइंस मंत्रालय द्वारा इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक प्रावधान संभावित है। इसी को ध्यान में रखते हुए नए प्रावधानों के बाद प्रदेश के दो आरईई और एक पोटाश के ब्लॉकों के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए नए सिरे से ई-नीलामी प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में 29 स्ट्रेटेजिक, क्रिटिकल व अन्य मिनरल्स के विपुल भण्डारों को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार के एक्सप्लोरेशन संस्थानों व उपक्रमों के साथ ही देश दुनिया की निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता की एक्सप्लोरेशन कार्य में सक्रिय सहभागिता तय करने के लिए प्रोत्साहित किया जाने का निर्णय किया जा रहा है। इससे इस तरह के मिनरल्स के खोज कार्य में सरकारी के साथ ही निजी क्षेत्र के प्लेयर्स आगे आयेंगे और सरकार द्वारा प्रोत्साहन सहयोग से एक्सप्लोरेशन कार्य में तेजी आने के साथ ही गुणवत्ता भी आएगी।

डॉ. सतीश पूनिया आज से हरियाणा प्रवास पर

जयपुर। भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां 30 अप्रैल से लेकर लगभग महीनेभर तक हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

सतीश पूनियां 30 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय रोहतक में आयोजित बैठक में शामिल होंगे, जिसमें वह हरियाणा एवं राजस्थान के जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद कर विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के लिये हरियाणा की सभी 10 सीटों पर भाजपा की जीत को लेकर रणनीति पर मंथन करेंगे।

बता दें कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व

- **महीनेभर तक हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर करेंगे चुनाव प्रचार**

के निर्देशानुसार हरियाणा लोकसभा चुनाव में प्रचार एवं प्रबंधन के लिये हरियाणा प्रदेश इकाई के साथ राजस्थान के तमाम जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी हरियाणा प्रवास पर रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सतीश पूनियां ने मैराथन दौरे कर राजस्थान की 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया था।

अब तक अवैध सामग्री की जब्ती का आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये के पार

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 1000 करोड़ रूपए की रुपये कीमत की जब्तियां की हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। 1 मार्च से अब तक प्रदेश में 982 करोड़ रूपए से अधिक की जब्ती की गयी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 880 करोड़ रुपये से ज्यादा है। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 5 जिलों में 40-40 करोड़ रूपये से

- **प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च से अब तक कार्रवाई की**

अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपये नकद, 177.07 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 45.82 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की शराब और लगभग 51.39 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 666.90 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपये मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं। संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में आचार संहिता की अवधि के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the public at large that My Client Ms. Parul Khandelwal is estranged with her husband AKASH SONKHIYA SON OF SHRI RAM KISHORE GUPTA RESIDENT OF E-14, BANK COLONY, AMBABARI, JAIPUR and he does not have the authority to represent either My Client or her proprietorship firm M/s Oorja Bharat. The Public at large is also cautioned against accepting from the aforesaid AKASH SONKHIYA any cheques purporting to be signed by My Client as the same have been retained illegally by the aforesaid AKASH SONKHIYA and stop payment instructions have been given to the bank(s) with respect to the said cheque(s). Any person dealing with the aforesaid AKASH SONKHIYA shall do so at his/her own risk and My Client shall bear no responsibility in this regard."

Advocate Anuj Handa, 011-46078301-02

इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड ने मनाई सातवीं वर्षगांठ

जयपुर। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने में प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड ने सनराइज रिसोर्ट में अपनी सातवीं सालगिरह मनाई। चेयरमैन मनीष गुप्ता, एमडी विकास जैन इस अवसर पर अपने अभी स्टके होल्डर्स का आभार व्यक्त किया। चेयरमैन मनीष गुप्ता ने बताया कि हाल ही में कंपनी को मार्केट कैपिटल के आधार पर सेबी द्वारा फाइनेंसियल ईयर 23-24 बिज़नेस रेस्पोंसिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट में एंड प्लेटफार्म में भारत में नंबर 1 और मैन बोर्ड प्लेटफार्म में 757 पोजीशन हासिल की।

गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2017 में देश के ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान की सबसे बड़ी सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की स्थापना की। आज आईएनए सोलर राजस्थान ही नहीं अपितु भारतवर्ष में ग्रीन एनर्जी के साथ मेक इन इंडिया पॉलिसी को प्रमोट करने एवं एनर्जी सिक्योरिटी में अहम भूमिका निभा रही है। कंपनी देश में 300 से अधिक डीलर्स डिस्ट्रीब्यूटस नेटवर्क, 500 से अधिक सक्सेसफुल प्रोजेक्ट्स, 10000 से अधिक सेटिस्फाइड कस्टमर्स, देश के 100 जिलों में कंपनी की मौजूदगी, इनोवेशन, आमजन तक पहुंच बढ़ाने का मिशन, बेहतर विजन के दम पर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। एमडी विकास जैन ने बताया कि कंपनी की जयपुर में वर्ल्ड क्लास आधुनिक सुविधाओंयुक्त दोनों इकाइयों की संयुक्त उत्पादन क्षमता सालाना 950 मेगावाट है। आगामी वर्षों में निर्माण क्षमता को 3000 मेगावाट तक बढ़ाने, 1200 मेगावाट सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग की यूनिट लगाने की योजना है। आईएनए सोलर विभिन्न आकारों में उच्च दक्षता के सोलर पैनल, बैटरी और इनवर्टर के निर्माण का व्यवसाय करती हैं। कंपनी शीघ्र टॉप कोन सोलर पैनल का निर्माण शुरू कर देगी जिससे की आईएनए सोलर ब्रांड के मिनीमम से लेकर 600 वाट तक के सोलर पैनल बाजार में उपलब्ध हो सकेंगे।

अवैध हथियारों की धरपकड़ जारी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए आमतौर पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कड़ी चौकसी बरती जा रही है। इस क्रम में मतदान के दो दिन बाद रविवार को राज्य पुलिस ने 8 अवैध हथियारों और 21 कारतूस की बरामदगी की है। राज्य में अब तक 1,394 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखने का परिणाम है कि राज्य में चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के दौरान शांति रही है। पुलिस ने इस अवधि में 2,646 कारतूस, 4,161 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 7 आईईडी (बम) जब्त किए गए हैं। एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर छापे की कार्रवाई भी की गई है।

गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के साथ ही निर्वाचन विभाग सहित विभिन्न विभागों की मुस्तैदी के चलते राजस्थान में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित चुनाव करवाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए गए। राज्य पुलिस ने अवैध हथियारों तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियारों को जमा करने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर

- **वोटिंग के बाद 8 पिस्तौल, 21 कारतूस पकड़े**
- **राज्य में अब तक 1,394 अवैध हथियार जब्त**

उन्हें पाबंद करने की कार्यवाही की।

राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को इस विषय में प्रेषित नवीनतम नियमित रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान 1.99 लाख व्यक्तियों को विभिन्न अवांछित गतिविधियों के कारण पाबंद किया गया. कुल 64,089 व्यक्तियों को अपराध प्रक्रिया संहिता की धाराओं 107,108, 110 एवं 151 आदि के तहत पाबंद किया है। इसी प्रकार, 1,35,316 व्यक्तियों को संहिता की उक्त धाराओं के साथ ही 109 और 116(3) धाराओं के तहत पाबंद किया गया। इस अवधि में 17 लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) सहित अन्य धाराओं में प्रतिबंधित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश भर में आम सुरक्षा की दृष्टि से कुल 1,62,777 लाइसेंसशुदा हथियारों में से 1,55,666 हथियार विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाए गए हैं. कुल 1,743 हथियार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा 51 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया गया है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रहलाद शर्मा पुत्र श्री मनफूल शर्मा के मेरे पुत्र अनूप शर्मा व पुत्रवधु श्रीमती वन्दना शर्मा मुझे आये दिन लडते झगडते हैं और मेरा कहना भी नहीं मानते है। अतः मैं मेरी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अगर कोई भी व्यक्ति इनसे लेनदेन व व्यवहार करेगा तो वह खुद जिम्मेदार होगा। मैंने इनके खिलाफ दिनांक 16.09.2023 को एफ.आई.आर. दर्ज करवा रखी है।

(प्रहलाद शर्मा) प्लाट नम्बर 65-ए, गोपी नगर, मानबाग, जयसिंहपुरा खोर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक प्लाट नं. 2, शांति विहार, सरस्वती नगर, मालवीय नगर सेक्टर 6, जयपुर के सामने स्थित है, जिस पर श्रीमती जमना देवी श्री प्रभाती लाल मीणा, श्री गणेश नारायण मीणा, श्री सीताराम मीणा ने एचडीएफसी बैंक से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त प्लाट के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक में रहन (MORTGAGE) कर रखे है। यह कि श्रीमती जमना देवी का दिनांक 11.06.2011 एवं श्री प्रभाती लाल का दिनांक 05.11.2016 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त प्लाट के पेटे लिये गये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी बैंक को की जा चुकी है, इसलिये अब श्री गणेश नारायण मीणा एवं सीताराम मीणा उक्त प्लाट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहते है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी बैंक, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नं. 18002100018) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।

गणेश नारायण मीणा, सीताराम मीणा प्लॉट नं. 2, शांति विहार, सरस्वती नगर, मालवीय नगर, सैक्टर 6, 6376772184

निगमों के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं?

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जे.वी.वी.एन.एल.) के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी नहीं माने जाने वाले और इस संस्था में अपनी सेवाओं के संदर्भ में राजस्थान सिविल सर्विसेज अपीलेट ट्रिब्यूनल (रैट) में याचिकाएं दायर करने से बाधित किये जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित किया है।

न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में यह मामला के.के.गुप्ता व अन्य

- **अदालत ने मामले पर अपना फैसला सुरक्षित किया**

बनाम जे.वी.वी.एन.एल. तथा चार अन्य संलग्न मामलों पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित किया है। जैसा कि विदित है जे.वी.वी.एन.एल.पूर्णतः सरकारी कंपनी है और अन्य सरकारी निगमों की तरह इसका संचालन भी वरिष्ठ आई.ए.एस. अफसर ही करते हैं।

न्यायालय उप तहसीलदार ताला तहसील जमवारामगढ जयपुर

क्रमांक-भू.अ./2024/305 दिनांक- 26 अप्रेल 2024

सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहनलाल पुत्र गंगाराम जाति गुर्जर निवासी ग्राम खो नागोरियान तहसील सांगानेर द्वारा दिनांक 28.03.2024 एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर एक अपंजीकृत वसीयतनामा जो दिनांक 10.04.2013 को अम्बालाल, मोहनलाल एवं अशोक कुमार के पक्ष में निष्पादित है के आधार पर ग्राम राजपुरावास ताला तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर में अवस्थित कृषि भूमि आराजी खसरा नम्बर 331/4व 331/5 कुल रकबा 3.7936 हैक्टेयर में गंगाराम पुत्र रामनाथ हिस्सा 1/2 की विरासत दर्ज करवाये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त वर्णित अपंजीकृत वसीयत के आधार पर मृतक गंगाराम पुत्र रामनाथ की विरासत, अम्बालाल, मोहनलाल पुत्रगण गंगाराम एवं अशोक कुमार पुत्र बाबूलाल के पक्ष में दर्ज किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, मय दस्तावेजी साक्ष्य के दिनांक 09.05.2024 तक किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में आप स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। यह सूचना आज दिनांक 26.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के द्वारा जारी की गयी।

(मुरारी लाल) उप तहसीलदार ताला, तहसील जमवारामगढ, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण सुमित कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवासी-7/131, मालवीय नगर, जयपुर आशीष पेडीवाल पुत्र श्री नरेन्द्र पेडीवाल निवासी सी-112, जनपथ लालकोठी जयपुर ने संयुक्त रूप से दण्ड ग्राम तहसील आमेर में कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर 4, 5, 6, 7 के 1/2 भाग को श्रीमती नीता अग्रवाल, निवासी प्लाट नम्बर 179/180-बी, विद्युत नगर अजमेर रोड जयपुर से मार्फत उनके पति मोहनलाल अग्रवाल से क्रय करने का इकरारनामा/रसीद एडवांस राशि देकर निष्पादित किया हुआ है। उक्त भूमि का कोई भी विक्रय/सौदा उक्त खातेदार द्वारा किसी दीगर व्यक्ति संस्था को किया जाता है तो वह मेरे अभिभाष्यगण के अधिकारों के प्रति प्रभावशून्य व निष्प्रभावी होगा। अतएवं सूचित रहे।

जयपुर (सतीश मोदी) एडवोकेट
दिनांक-29.04.2024 मो.93148-33316

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **श्री बाबूलाल जी लखन** मारवाडा वाले सुपुत्र स्व. श्री गुलाराम जी लखन का स्वर्गवास दिनांक 28.04.2024 को हो गया है। जिनके तीये की बैठक दिनांक 30.04.2024 को 5:00 से 6:00 तक हमारे निवास स्थान- 117 शिव शंकर कॉलोनी, सूत्रखाना सोफिया स्कूल के पास, जयपुर पर रखी गई है।

शोकाकुलः- रामस्वरूप जी (भाई) (पुत्र),रवि, अशोक, अनिल, लोकेश (पौत्र)हर्ष, आयुष, योशित एवं समस्त लखन परिवार

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सात विश्वविद्यालयों में विधायकों के मनोनयन पर सहमति

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सात राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के सिंडिकेट और प्रबन्ध मण्डलों में राज्य सरकार द्वारा विधानसभा सदस्यों के मनोनयन पर सहमति प्रदान कर दी है।

राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, शेखावाटी विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल में खेतडी विधायक धर्मपाल, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के प्रबंध मण्डल में डीग कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह व वैर विधायक बहादुर सिंह, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के प्रबन्ध मण्डल में गढी विधायक कैलाशचन्द्र मीणा व सागवाडा विधायक शंकरलाल डेचा, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रबन्ध मण्डल में डूंगरगढ विधायक ताराचन्द, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर के प्रबन्ध मण्डल में वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी व गोगुन्दा विधायक प्रताप लाल भील, राज ऋषि भर्तहरी मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के प्रबन्ध मण्डल में बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत एवं तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ के राज्य सरकार द्वारा किये गये मनोनयन पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सहमति प्रदान कर दी है।

जांच शिविर 1 से

जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर 1 से 7 मई के मध्य आगार स्तर पर आयोजित किये जाएंगे। निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि निगम द्वारा राज्य एवं अंतर्राज्यीय परिवहन सेवा का अति महत्वपूर्ण कार्य संपादित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए कार्यरत कार्मिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जायेगा। जयपुर जोन में शिविर 1 से 3 मई, भरतपुर जोन में 2 से 4 मई, बीकानेर जोन में 1 से 3 मई, सीकर जोन में 2 से 4 मई, अजमेर जोन में 3 से 5 मई, उदयपुर जोन में 4 से 6 मई, जोधपुर एवं कोटा जोन में 5 से 7 मई को आयोजित होगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1: निविदा संख्या/कार्य का नामः** गति-शक्ति/इंजी./जय/2024-25/01 उप मुख्य इंजी (जी.एस.यु.) जयपुर डिविजनः सी.पी.एम. (गति शक्ति) के कार्यालय जयपुर के लिए समान्य परामर्श का कार्य (24 माह के लिए) (टू पेकेट सिस्टम); **अनुमानित लागत रूपये** : 32443006.32/-; **बयाना राशि रूपयेः** 312200/-; **1** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति -शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2** निविदा स. गति-शक्ति/इंजी./जय/2024-25/01 की बन्द होने की तिथि 03.06.24 समय 15:30 बजे एवं खुलने की तिथी 03.06.24 समय16.00 बजे। **501-AD/24**

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

खोया पाया

मेरे भूखंड संख्या 14/OG/278,14/OG/279, 14/OG/327,14/OG/328,14/OG/329 , 14/OG/512, 14/OG/658,14/OH/S-84,14/OH/S-85,14/OH/S-86,14/OH/S-87 ग्राम गोवर्धनपुरा तहसील चाकसू की रिंग रोड परियोजना के उक्त भूखंडों के आवंटन पत्र कहीं गुम हो गये है मिलने पर उक्त मोबाइल नंबर पर सूचित करें। मो. 7793042650

मालपुरा विज्ञापन खोया पाया मेरे सांगानेर स्थित गोविन्दपुरा बॉम्बे के दो क्वार्टरों के दो मूल आवंटन पत्र जिनके क्रमांक एफ 27(जी-1102)ज.वी.प्रा./उपा/जॉन11/2003 डी 742 व 743 दिनांक 23.12.2003 एवं मेरा पहचाना पत्र तथा बैंक की पासबुक 22 अप्रैल 2024 को गुम हो गई जिसे भी मिले मुझे सूचित करें। मोहम्मद हसीब पुत्र अब्दुल हफीज, जाति मुसलमान, निवासी मोहल्ला सादात, छोटी मस्जिद के पास, कुमारो की गली, मालपुरा (टोंक) राज.

खसरा नंबर 1514 नया 2162/2, 2163/01, 2174/01 खो नागोरियान, जयपुर के मूल पेपर कहीं गिर गये, किसी को मिले तो सूचित करें। मलका बानो मो.- 978896097

जे.डी.ए. द्वारा जारी पट्टा प्लाट न. 152 जो कि निजी खातेदारी की योजना रूप नगर लखेसरा आगरा रोड जयपुर के मूल दस्तावेज़ जे.डी.ए. पट्टा, साईट प्लान , स्टाम्प पेपर एवंम 2 विक्रय पत्र, गोदनामा/गोद पत्र जयपुर में कही खो गया है सूचित करे ज्योति शर्मा मो.न. 9549545434

मैं मोहम्मद ईलाम पुत्र श्री अब्दुल गनी खान निवासी 102 सैनिक मार्ग, रघुनाथपुरी झोटवाडा, जयपुर के प्लाट नं. 246 तोदी नगर सीकर की लीज डीड रजिस्ट्रर एग्रीमेन्ट एवं पॉवर ऑफ अटोरनी पट्रोल पम्प झोटवाडा जयपुर के नजदीक खो गई मिलने पर सूचित करें। मो.नं. 8302853024

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम यशवीर से बदलकर यशवीर प्रजापत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-एफ-1, प्लॉट नं. ई-193 दादूदयाल नगर, सांगानेर, जयपुर

मैंने अपना नाम Mohammed Sharif Khan से बदल कर Sharif Khan पुत्र अब्दुल अजीज खान निवासी मोहल्ला हांडी पुरा अम्बर आमेर, जयपुर-302028 रख लिया है भविष्य में मुझे Sharif Khan के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम पृथ्वी से बदलकर पृथ्वी ओली पुत्र भीम बहादुर रख लिया है भविष्य में मुझे पृथ्वी ओली नाम से जाना पहचाना जावें। पता 17-टु-17 सी/एस-3, अपना आंगन-2 हनुमान नगर, पांच्यावाला, जयपुर

मैं पवन कुमार आमी नं. 3204794-ए, रैंक L/HAV निवासी प्लॉट नं. 89 साउथ पार्ट, मां इंद्र विहार बी, कालवाड रोड, झोटवाडा-जयपुर (राज.) ने भविष्य के लिए अपने सेवा रिकॉर्ड में अपनी पत्नी का नाम उर्मिला देवी से बदलकर उर्मिला रख दिया है, भविष्य में मुझे उर्मिला के नाम से जाना जावें।

मैंने अपना नाम भवानी सिंह खंगारोत से बदलकर भवानी सिंह कर लिया है भविष्य में मुझे भवानी सिंह के नाम से जाना जायेगा। पता-मोरिडीया की ढाणी, रोजडी, जयपुर-303338 (राज.)

I Sapna spouse of Mukesh Kumar Choyal resident of VILL-Mangalpura, PO-Banura, Dist. Sikar (Raj.) 332023 have changed my name from Sapna to Sapna Kumari vide Affidavit No. 00463 dated 26.04.2024 before Jaipur Court.

I Juned Ahmed Ansari S/o Jamil Ahmed Near Udaan School Goner Road Luniyawas Jaipur Have Changed Name Juned to Juned Ahmed Ansari.

I army no 13690974P ex hav Murlidhar yogi s/O Ganpat Nath yogi R/O village post khora Larkhani teh shahpura dist Jaipur have changed my son name from Ashish Kumar (DOB 1/02/2000) is wrong entered in service record as To ASHISH YOGI (DOB 10/5/2001) vide affidavit dated 13 Apr 2024 before district notary Jaipur